# रिन्यूवल, ग्रीन एनर्जी व थर्मल पावर के उत्पादन पर जोर

लखनऊ। नगर विकास व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि भविष्य में बिजली की बढ़ती जरूरत को देखते हुए रिन्यूएवल व ग्रीन एनर्जी के साथ थर्मल पावर के उत्पादन पर भी ध्यान देना होगा। इन सेक्टर की परियोजनाओं को जल्द पूरा करें, ताकि उपभोक्ताओं को पर्याप्त और निर्बाध बिजली दी जा सके। वह शुक्रवार को शक्ति भवन में ऊर्जा क्षेत्र की विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2027-2028 तक में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक खरब डॉलर की बनाने के लिए एग्रीकल्चर, मैन्युफैक्चरिंग, हेल्थ, सर्विस सेक्टर, इन्फ्रास्ट्रक्चर आदि क्षेत्रों में ऊर्जा की मांग बढ़ेगी। ग्रिड का आधुनिकीकरण कर क्षमता बढ़ानी होगी। बैठक में अपर मुख्य सचिव महेश कुमार गुप्ता, प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, यूपीपीसीएल के अध्यक्ष आशीष गोयल, नगर विकास सचिव अजय कुमार शुक्ला, कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार, पी गुरुप्रसाद, नेडा निदेशक अनुपम शुक्ला मौजूद रहे। **ब्यूरो**